पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आज

जयपुर। पूर्व उपराष्ट्रपति स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत की 103वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 23 अक्टूबर को विद्याधर नगर स्थित भैरोंसिंह शेखावत स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। शाम 5 से 6 बजे तक आयोजित होने वाली सभा में प्रदेश के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। भैरोंसिंह शेखावत स्मृति संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित कई प्रमुख नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्वर्गीय शेखावत से जुड़े राजस्थान के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे।

भैरोंसिंह शेखावत राजस्थान की राजनीति के प्रमुख व्यक्तित्व रहे। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में प्रदेश और देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी 103वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्हें याद कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया जाएगा।

सिविल लाइंस आरओबी के नीचे बनेगा स्पोर्ट्स एरिना

गोपालपुरा अंडरपास के लिए 47.87 करोड़ मंजूर

जयपुर। जयपुर में यातायात सुगम बनाने, सड़क नेटवर्क मजबूत करने और शहरी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को मंजूरी दी है। गोपालपुरा अंडरपास के निर्माण के लिए 47.87 करोड़ रुपये, सिविल लाइंस आरओबी के नीचे स्पोर्ट्स एरिना विकसित करने के लिए 4.25 करोड़ रुपये तथा गांधीपथ पर फुटपाथ निर्माण के लिए 6.94 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन फैसलों से शहर में यातायात व्यवस्था, पैदल यात्रियों की सुविधाओं और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

जेडीए विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित प्रोजेक्ट वर्क्स कमेटी (पीडब्ल्यूसी) की 11वीं बैठक में सड़क विकास, चौड़ीकरण, नवीनीकरण, विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कई कार्यों को स्वीकृति दी गई, जबकि कुछ प्रस्तावों पर विचार किया गया।

जेडीए विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित प्रोजेक्ट वर्क्स कमेटी (पीडब्ल्यूसी) की 11वीं बैठक हुई।

- **जेडीए की पीडब्ल्यूसी बैठक में विकास कार्यों पर अहम फैसले; कालवाड़ रोड चौड़ीकरण, फुटपाथ और सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा**

गोपालपुरा अंडरपास पर 47.87 करोड़ होंगे खर्च:- गोपालपुरा अंडरपास का निर्माण त्रिवेणी आरओबी की ओर से भास्कर पुलिया तक किया जाएगा। इसके लिए 47.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। वहीं, सिविल लाइंस आरओबी के नीचे 4.25 करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स एरिना विकसित किया जाएगा। इससे उपलब्ध शहरी स्थान का उपयोग खेल गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। गांधीपथ पर फुटपाथ निर्माण के लिए 6.94 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

कालवाड़ रोड के चौड़ीकरण पर 42.39 करोड़ का प्रस्ताव:- सड़क विकास से जुड़े प्रस्तावों में सी-जोन बाईपास से विनायक होटल तक कालवाड़ रोड के चौड़ीकरण एवं सुधार कार्य के लिए 42.39 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा 200 फीट बाईपास से खातीपुरा आरओबी होते हुए खिरणी आरओबी तक रेलवे लाइन के साथ सड़क नवीनीकरण के लिए 6.83 करोड़ रुपये तथा वैशाली नगर की प्रिंस रोड पर नाला निर्माण, सड़क चौड़ीकरण और नवीनीकरण के लिए 6.14 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर विचार किया गया।

मानसरोवर के विक्रमादित्य मार्ग पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए 8.42 करोड़ रुपये की स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया। वहीं, जोन-9 की प्रमुख सड़कों पर उन्नयन के लिए करीब 3.56 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर विचार किया गया।

तबादलों को लेकर न्यायिक दखल सीमित

'असाधारण मामलों में ही दी जा सकती है चुनौती'

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि तबादला सरकारी सेवा का अनिवार्य हिस्सा है और कोई कर्मचारी अपनी पसंद की जगह पर तैनात रहने का अधिकार नहीं रखता है। इसके अलावा ऐसे मामलों में अदालतों के पास न्यायिक दखल सीमित रूप में ही है। अदालत ने कहा की तबादला आदेश को केवल अत्यंत दुर्लभ स्थिति में ही चुनौती दी जा सकती है। जस्टिस अनूप कुमार ने यह आदेश मनोज कुमार गुप्ता व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **अदालत ने कहा की तबादला आदेशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की बाढ़ आई हुई है। अधिकांश कर्मचारी अपनी ट्रांसफर की गई जगह पर कार्यभार संभालने के इच्छुक नहीं होते हैं**

अदालत ने कहा की तबादला आदेशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की बाढ़ आई हुई है। अधिकांश कर्मचारी अपनी ट्रांसफर की गई जगह पर कार्यभार संभालने के इच्छुक नहीं होते हैं, जिसके कारण वे अदालत या राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय न्यायाधिकरण की शरण लेते हैं।

इस प्रवृत्ति के चलते प्रशासनिक मशीनरी का कामकाज ठप हो रहा है और सरकारी कार्यप्रणाली बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं को छूट दी गई है कि वे दो सप्ताह के भीतर अपने संबंधित सक्षम प्राधिकारी को शिकायतों को लेकर विस्तृत अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अदालत ने सक्षम प्राधिकारी को दो सप्ताह में भीतर तर्कसंगत आदेश देने के निर्देश देते हुए तब तक तबादला आदेश को स्थगित रखा है।

डीजीपी ने कल्याण न्यास की 53वीं बैठक ली

जयपुर । राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। साथ ही पिछली बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा कर पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के हित में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस सेवा के दौरान मृत्यु या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में वर्तमान में दी जाने वाली 50 हजार रुपए की सहायता राशि बढ़ाने के सुझाव पर मंथन हुआ। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने, पुलिस लाइनों में सुविधाओं का विस्तार करने और पुस्तकालय निर्माण जैसे प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। न्यास के कोष को मजबूत करने के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत विभिन्न संस्थानों से सहयोग लेने और पुलिसकर्मियों की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के विकल्पों पर चर्चा हुई।

'नवनियुक्त पशुचिकित्सा अधिकारी प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़'

जयपुर । पशुपालन विभाग के नवनियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारियों का विभागीय आमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम पशुपालन विभाग ने आयोजित किया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीना ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सभी नवनियुक्त चिकित्सकों को पशुपालन विभाग में नियुक्ति और उनके नवीन सेवाकाल के प्रारंभ होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं।

- **पशुपालकों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं, चिकित्सालयों में रिकॉर्ड संधारण और अनुशासन से समझौता नहीं : डॉ. सुरेश चंद मीना, निदेशक**

निदेशक डॉ.मीना ने अपने मुख्य उद्बोधन में सरकारी नौकरी की महत्ता बताते हुए कहा कि सरकारी सेवा में नियुक्ति महज एक पद प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह समाज, पशुपालकों, पशुधन और देश के प्रति एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण दायित्व को निभाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान एक पशुधन प्रधान राज्य है, जहाँ पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार, पोषण और लाखों परिवारों की आजीविका का मुख्य आधार है। ऐसे में विभाग के जमीनी स्तर के सबसे महत्त्वपूर्ण प्रतिनिधि के रूप में आप सबकी भूमिका बेहद खास हो जाती है। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों को चार मुख्य सूत्रों पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

निदेशक डॉ मीना ने कहा कि चिकित्सालय में आने वाले प्रत्येक पशुपालक के साथ संवेदनशीलता, सम्मान और सहयोग की भावना से व्यवहार किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पशु केवल आर्थिक संपत्ति नहीं, बल्कि परिवार की आजीविका का साधन होते हैं। पशुओं का समय पर उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान और तकनीकी परामर्श समयबद्ध तरीके से उपलब्ध होना चाहिए।

विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए पशुपालन निदेशक ने सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की पात्रता और प्रक्रियाओं का गहन अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं का वास्तविक लाभ धरातल पर पात्र पशुपालकों तक पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह तरीके से पहुँच सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसे केवल कार्यालयीय कार्य न मानकर पशुपालकों के आर्थिक-सामाजिक सशक्तीकरण का माध्यम बनाया जाए।

पशुचिकित्सालयों में रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान देने पर बल देते हुए श्री मीना ने कहा कि चिकित्सालयों की कार्यक्षमता और पारदर्शिता उनके अभिलेखों की गुणवत्ता से तय होती है। उपचार रजिस्टर, दवा व स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रिकॉर्ड को नियमित और अपडेट रखा जाए। डिजिटल पोर्टल पर भी समय से प्रविष्टियाँ की जाएँ। रिकॉर्ड संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

सीतापुरा की ज्वेलरी फैक्ट्री में आग से दो कर्मचारियों की मौत

जयपुर। सांगानेर सदर थाना इलाके के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित सोने की ज्वेलरी बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि चार कर्मचारी बेहोश हो गए। इस हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। बेहोश कर्मचारियों को उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि मृतकों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

- **आइडियल फिजिकल सर्विसेज लिमिटेड में हादसा**
- **धुएं से दम घुटने की आशंका, पुलिस और दमकल ने संभाला मोर्चा, आग लगने के कारणों की जांच शुरू**

थानाधिकारी कमलेश कुमार के अनुसार सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित आइडियल फिजिकल सर्विसेज लिमिटेड में सोने की ज्वेलरी बनाने का काम होता है। गुरुवार को फैक्ट्री में कर्मचारी काम कर रहे थे, तभी अचानक आग लग गई। आग के साथ फैले धुएं से कर्मचारियों को संभलने का मौका नहीं मिला और परिसर में हड़कंप मच गया। हादसे में दो कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार कर्मचारी बेहोश हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतकों की मौत दम घुटने से होने की आशंका है। आग लगने के समय को लेकर अलग-अलग जानकारी सामने आई है।

हादसे में उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के निवासी रजनीश (19) और मध्यप्रदेश के रीवा निवासी सरस्वती (45) की मौत हो गई। वहीं उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी अजयपाल (26), पश्चिम बंगाल के मिदनापुर निवासी लालमोहन (20) तथा मध्यप्रदेश के रीवा निवासी संदीप सिंह (19) और बबूल (32) सहित पांच कर्मचारियों के बेहोश होने की जानकारी है। सभी घायलों को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के साथ राहत एवं बचाव कार्य किया। आग पर काबू पाने के बाद हादसे से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू की गई। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पर्यटन पुलिस ने बिछड़े बेटे को मिलाया

जयपुर। जयपुर में राजस्थान पुलिस का पर्यटन सहायता बल देशी-विदेशी पर्यटकों की मदद कर मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश कर रहा है। पर्यटन पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में तत्परता दिखाते हुए आमेर में बिछड़े बच्चे को उसके पिता से मिलाया, ट्रेन छूटने पर मुंबई के पर्यटकों को आगे की यात्रा में सहयोग दिया और जंतर मंतर के पास खोया पर्स तलाश कर पर्यटक को लौटाया। पर्यटकों ने वीडियो संदेश जारी कर पुलिस का आभार जताया। हैदराबाद से जयपुर घूमने आए अहमद नदीमुद्दीन का बेटा आमेर में भ्रमण के दौरान भीड़ में बिछड़ गया। सूचना मिलने पर पर्यटन पुलिस की महिला कार्मिकों ने तत्परता से तलाश शुरू की और बच्चे को सकुशल उसके पिता से मिलवा दिया। बेटे के मिलने पर नदीमुद्दीन ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें बहुत अच्छी सहायता मिली ।

आवारा सांड के हमले से मौत, आश्रितों को 61.35 लाख रुपए ब्याज सहित अदा करने के आदेश

जयपुर। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-8 महानगर द्वितीय ने बस का इंतजार कर रहे व्यक्ति की सांड के हमले में मौत होने पर नगर निगम, जिला कलेक्टर और स्वायत्त शासन सचिव की संयुक्त जिम्मेदारी मानी है। इसके साथ ही अदालत ने तीनों को आदेश दिए हैं कि वह मृतक के आश्रितों को क्षितपूर्ति के तौर पर 61.35 लाख रुपए अप्रैल, 2023 से छह फीसदी ब्याज सहित अदा करे। अदालत ने यह आदेश रेखा देवी व अन्य की ओर से घातक दुर्घटना अधिनियम के तहत दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि साक्ष्य से साबित है कि गिर्राज प्रसाद की मौत सांड के हमले से आई गंभीर चोटों के कारण हुई है।

परिवाद में अधिवक्ता सतीश कुमार ने अदालत को बताया कि 13 नवंबर, 2022 की शाम 6.30 बजे गिर्राज प्रसाद शर्मा रामगढ़ मोड पर बस का इंतजार कर रहे थे। तभी पीछे से आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया और उछालकर नीचे गिरा दिया। इससे उनके सिर व अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मृतक के आश्रितों ने नगर निगम हेरिटेज, जिला कलेक्टर जयपुर व स्वायत्त शासन सचिव को पक्षकार बनाते हुए उनके खिलाफ क्षितपूर्ति का दावा किया। जवाब में नगर निगम का कहना था कि मृतक की मौत आवारा सांड से नहीं बल्कि किसी वाहन दुर्घटना में हुई है। उसने आवारा पशुओं को पकडने का ठेका एक निजी फर्म को दे रखा है। इसलिए उनके खिलाफ क्षितपूर्ति दावे को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने पीडित पक्ष को हर्जाना राशि ब्याज सहित अदा करने को कहा है।

सार-समाचार

बिना लाइसेंस धारदार कटार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

जयपुर। लाल कोठी थाना पुलिस ने बिना लाइसेंस धारदार हथियार लेकर घूमने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक धारदार कटार बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ संगठित अपराध से संबंधित धाराओं में भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने लाल कोठी थाना पुलिस ने बिना लाइसेंस धारदार हथियार लेकर घूमने के आरोप में सरफराज (27) निवासी खोह नागोरियान हाल सोडाला को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक धारदार कटार बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

181 राजस्थान संपर्क पोर्टल का निरीक्षण

जयपुर। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने गुरूवार को 181 राजस्थान संपर्क पोर्टल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोर्टल की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा और स्वयं फोन कॉल के जरिए दर्ज कराई गई शिकायतों का हाथों-हाथ समाधान भी सुनिश्चित करवाया। शासन सचिव जैन ने एक आम नागरिक की तरह 181 पर कॉल कर पोर्टल की व्यवस्थाओं का जमीनी जायजा लिया। उन्होंने कॉल प्रतिनिधि से मिले सकारात्मक फीडबैक की सराहना की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 181 पर बड़ी संख्या में प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं और समस्या समाधान का स्तर भी बढ़ रहा है, जिससे संपर्क पोर्टल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। निरीक्षण के दौरान चित्तौड़गढ़ से सीवरेज का पानी सड़क पर फैलने की शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर शासन सचिव ने तत्काल वीसी के माध्यम से अधिशासी अभियंता जितेंद्र मीणा को निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाने के साथ ही कार्य से पहले और बाद की तस्वीरें मुख्यालय को भिजवाने के निर्देश भी दिए, ताकि कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग हो सके। जयपुर के महेंद्र सैनी ने गोनेर के ठाणे स्थित बस स्टैंड होने के बावजूद बसें नहीं रुकने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर शासन सचिव ने संबंधित अधिकारी से सीधी बात की। उन्होंने संबंधित रूट की बसों का ठहराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बसों में लगे जीपीएस के जरिए निरंतर निगरानी रखने के आदेश भी दिए।

जयपुर में श्रद्धा और भक्ति के साथ पापांकुशा एकादशी मनाई

जयपुर। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी गुरुवार को पापांकुशा एकादशी के रूप में पूरी श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर जगत के पालनहार भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुख-समृद्धि, आत्मशुद्धि और मोक्ष की कामना के साथ घर-घर और मंदिरों में विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ गूंज उठा। आराध्य देव गोविन्ददेवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में ठाकुर श्रीजी का विशेष पंचामृत अभिषेक किया गया। इस दौरान ठाकुर जी को लाल रंग की पोशाक धारण कराई गई और ऋतु पुष्पों व चंदन से उनका मनोरम श्रृंगार किया गया। श्रृंगार झांकी में गोचारण लीला के विशेष भाव की झलक देखने को मिली। इसी प्रकार पुरानी बस्ती स्थित राधा गोपीनाथजी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में एकादशी उत्सव मनाया गया। चौड़ा रास्ता स्थित राधा-दामोदरजी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार हुआ। सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ सरस निकुंज में पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में राधा सरस बिहारी जू सरकार का वेदोक्त मंत्रोच्चार से अभिषेक कर फलों का भोग अर्पित किया गया।

अमरापुर स्थान में स्वामी सर्वानंद महाराज का जन्मोत्सव मनाया

जयपुर। अमरापुर स्थान में महर्षि सतगुरु स्वामी सर्वानंद महाराज का 130वां पंच दिवसीय जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव के तीसरे दिन एकादशी पर मांग्यवास स्थित सतगुरु टेऊँराम गौशाला में गोमाता की पूजा-अर्चना की गई। स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा और आरती कर गौमाता को हरा चारा व फल अर्पित किए। संतों ने श्रद्धालुओं से गोसेवा के लिए अपनी कमाई का कुछ हिस्सा समर्पित करने का आव्हान किया।संध्या को संत-महात्माओं और संकीर्तन मंडली के सानिध्य में भव्य संकीर्तन हुआ। ठाकुर जी को खीर का भोग लगाया गया और अमरापुर के लड्डू गोपाल का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भक्तों को खीर का महाप्रसाद वितरित किया गया।उत्सव के चौथे दिन शुक्रवार सुबह 10 बजे कन्या भोज होगा। इसमें कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन और उपहार भेंट किए जाएंगे। जन्मोत्सव का समापन शनिवार, 24 अक्टूबर को होगा। इस दिन प्रेमप्रकाश ग्रंथ और गीता पाठों का भोग परायण, महाप्रसादी तथा विशाल आम भंडारा आयोजित किया जाएगा। शाम को 130 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और ठाकुरजी को 56 भोग अर्पित कर जन्मोत्सव की पूर्णाहुति होगी।

शरद पूर्णिमा पर मोती डूंगरी गणेश जी का होगा श्वेत शृंगार

जयपुर। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 25 अक्टूबर (रविवार) को मोती डूंगरी गणेश जी महाराज मंदिर में विशेष श्रृंगार और उत्सव का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज नवीन सफेद पोशाक और चांदी का सफेद मुकुट धारण करेंगे।

अंतरराज्यीय नकबजन गिरोह का पर्दाफाश: दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

जयपुर । झोटवाड़ा थाना पुलिस ने सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय नकबजन गिरोह का पर्दाफाश कर दो शातिर आरोपियों मोनू पंजाबी और अनिल सिंह उर्फ पिंची को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, लूट, मारपीट, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर मामलों सहित करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के आभूषण तथा वारदात में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल और स्विफ्ट कार जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने करीब आधा दर्जन मकानों में चोरी करना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य मोनू पंजाबी व अनिल को गिरफ्तार किया।

- **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के आभूषण तथा वारदात में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल और स्विफ्ट कार जब्त की**
- **पूछताछ में आरोपियों ने करीब आधा दर्जन मकानों में चोरी करना स्वीकार किया है**

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया मोनू पंजाबी (32) निवासी उत्तर प्रदेश विद्याधर नगर और अनिल सिंह उर्फ पिंची (33) निवासी सुभाष चौक हाल निवारू रोड खोराबीसल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया मोनू पंजाबी विद्याधर नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ बनीपार्क, शास्त्री नगर, भट्टा बस्ती, नाहरगढ़, ज्योति नगर, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा और मालवीय नगर सहित विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट और मारपीट के करीब 13 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अनिल सिंह उर्फ पिंची (33) सुभाष चौक और निवारू रोड, खोराबीसल क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। वह सुभाष चौक थाने का हिस्ट्रीशीटर और आदतन अपराधी है।

उसके खिलाफ सुभाष चौक, ब्रह्मपुरी, शास्त्री नगर और नाहरगढ़ थानों में लूट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस और चोरी के करीब नौ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। झोटवाड़ा थानाधिकारी रायसल सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने और जुआ खेलने के आदी हैं। मोनू रात के समय कॉलोनियों में घूमकर बंद मकानों की रैकी करता था। इसके बाद सुबह के समय ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। वारदात के बाद रास्ते बदलकर जयपुर से बाहर दूसरे शहरों में चले जाते थे। चोरी के पैसों से जुआ खेलने, नशा करने और ऐशो-आराम पर खर्च करते थे। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

संत का श्राप भी वरदान बन जाता है: मुरलीधर महाराज

जयपुर। दिल्ली रोड स्थित प्राचीन खोले के हनुमान मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीरामकथा के तीसरे दिन संत मुरलीधर महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं, अहिल्या उद्धार और प्रभु के दिव्य स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा का आयोजन हनुमंत धाम एवं नरवर आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन राधेलाल चौबे महाराज की प्रेरणा और आशीर्वाद से शर्मा परिवार की मेजबानी में हो रहा है।अहिल्या उद्धार का प्रसंग सुनाते हुए मुरलीधर महाराज ने कहा कि कभी-कभी संत का श्राप भी वरदान बन जाता है। उन्होंने बताया कि गुरु विश्वामित्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुर जा रहे थे। विश्वामित्र ने बताया कि महर्षि गौतम के श्राप के कारण उनकी पत्नी अहिल्या शिला रूप में थीं। कथा के अनुसार, भगवान श्रीराम ने शिला को अपने चरणों से स्पर्श किया तो अहिल्या श्राप से मुक्त होकर अपने वास्तविक स्वरूप में प्रकट हो गईं।

सेना के रिटायर्ड कर्नल ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली

जयपुर । राजधानी के श्याम नगर थाना क्षेत्र स्थित रेल नगर में गुरुवार सुबह सेना के सेवानिवृत्त कर्नल लाल सिंह (78) की गोली लगने से मौत हो गई। वह अपने घर में लहूलुहान हालत में मिले। उनके शरीर में लाइसेंसी रिवाल्वर से चली गोली लगी थी। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे और उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में बीमारी से परेशान होने और अवसाद के चलते आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पोते की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्याम नगर थानाधिकारी हरि सिंह दूधवाल ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे की है। रेल नगर निवासी सेवानिवृत्त कर्नल लालसिंह घर पर थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनकर उनकी पत्नी, पुत्रवधू, पोता और पोती कमरे में पहुंचे। वहां लालसिंह लहूलुहान हालत में पड़े मिले। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया। टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं।थानाधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लालसिंह बीमारियों से परेशान थे। इसी आधार पर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। पुलिस ने पोते की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लिया है।